

अप्रैल 2026

₹ 20

# समाजवादी बुलेटिन




R.N.I. No. 68832/97



समाज में समानता के लिए सामाजिक न्याय के राज की स्थापना जरूरी है। समाजवादी विचारधारा से ही समानता आएगी। पीड़ितों, वंचितों के लिए समाजवादी कार्यकर्ताओं को संघर्ष करते रहना है एवं कथनी-करनी में भेद नहीं रखना है।

मुलायम सिंह यादव
संस्थापक, समाजवादी पार्टी

# समाजवादी बुलेटिन

अप्रैल 2026

वर्ष 27 | संख्या 06


**PDA काव्य विचार**

चहुंओर कतार है।
भाजपा की सरकार है॥
हर तरफ मनमानी है।
पीड़ा है, परेशानी है॥
भाजपा सरकार हटानी है।
यूपी में खुशहाली लानी है॥
अब सबने मिलकर ठानी है।
पीडीए सरकार बनानी है॥

कौशल वर्मा
बाराबंकी

*प्रिय पाठकों,*

*PDA काव्य विचार के लिए आपकी स्वरचित लघु कविता का स्वागत है। केवल उन्हीं लघु कविताओं पर विचार किया जाएगा जो PDA केन्द्रित, सुस्पष्ट, मौलिक, न्यूनतम 4 से 6 लाइनों में टाइपशुदा होंगी। अपनी लघु कविता ईमेल teamsbeditorial@gmail.com पर अपने नाम और पते के साथ भेजें।*


प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक

**प्रोफेसर रामगोपाल यादव**

☎ 0522 - 2235454

samajwadibulletin19@gmail.com

bulletinsamajwadi@gmail.com

Mob:- 9598909095

/samajwadiparty

समाजवादी पार्टी के लिए

19, विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ से प्रकाशित

अवध पब्लिशिंग हाउस, 8 पान दरीबा, लखनऊ से मुद्रित

R.N.I. No. 68832/97


# अंदर


महिला आरक्षण पर भाजपा की पिछड़ा विरोधी चालबाजी नामंजूर 04





10 कवर स्टोरी

## पश्चिम से आग़ाज़ अब PDA राज





## विजन इंडिया:सौहार्द से ही आएगी समानता 06





राजस्थान की राजधानी जयपुर में 11 अप्रैल को आयोजित विजन इंडिया-हारमोनियस हेरीटेज समिट को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने आगामी नीतियों-कार्यक्रम को लेकर गंभीर विमर्श किया।


उत्कृष्ट कार्य के लिए 26 महिलाओं का सम्मान 22

अखिलेश ने 2027 के लिए संगठन को कसा 34



# महिला आरक्षण पर भाजपा की पिछड़ा विरोधी चालबाजी नामंजूर –अखिलेश

बुलेटिन ब्यूरो

पीडीए के अधिकारों को लेकर सजग समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने एक बार फिर भाजपा सरकार की पीडीए के खिलाफ साजिश पकड़ ली है और आगाह किया है कि महिला आरक्षण की आड़ में पिछड़े वर्ग की महिलाओं के खिलाफ भाजपा की चालबाजी नहीं चलने देंगे।

उन्होंने साफ किया है कि समाजवादी पार्टी महिला आरक्षण के साथ हैं मगर भाजपाई चालबाजी के खिलाफ है जो कि एक साजिश के तहत की जा रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा और उनके संगी-साथी देश की सबसे बड़ी आबादी पिछड़े वर्ग की महिलाओं के बारे में चुप्पी साधे हुए हैं। संशोधन के नाम पर ये लोग जल्दबाजी दिखा रहे हैं उसके पीछे उनकी मंशा यही है कि जनगणना न करनी पड़े क्योंकि अगर



जनगणना हुई तो जातिवार आंकड़े भी देने होंगे और जातिवार आरक्षण भी।

उन्होंने कहा कि भाजपा एक बड़ा षड्यंत्र कर रही जिसमें जनगणना आधारित परिसीमन को नकार कर पिछड़ों का अधिकार लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कायदन आनुपातिक प्रतिनिधित्व के आधार पर इसे लागू करने की छूट पार्टियों को मिलनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण के बिल के जरिये लोकतंत्र के खिलाफ खुफिया लोगों की गुप्त योजना है जो तब तक स्वीकार्य नहीं होगी जब तक प्रक्रिया में सुधार नहीं होता।

श्री अखिलेश यादव ने महिला आरक्षण पर कहा कि गिनती ही गलत होगी तो आरक्षण कैसे सही होगा। अगर किसी काम को करने की सही मंशा होती है तो शंका नहीं होती है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि दरअसल महिला आरक्षण बिल का तो आधार ही निराधार है। आरक्षण का आधार अगर कुल सीटों का 1/3 (एक तिहाई) है तो इसका मतलब हुआ कि ये गणित का विषय है और गणित का आधार अंक होते हैं, संख्याएं होती हैं, कोई हवा हवाई बात नहीं और इस तरह के मामले में संख्या का आधार जनसंख्या होती है, जिसका आधार जनगणना होती है।

उन्होंने कहा कि जब महिलाओं की जनसंख्या के लिए 2011 के पुराने आंकड़ों को आधार बनाएंगे तो महिला आरक्षण की आधारभूमि ही गलत होगी, जब भूमि में ही दोष होगा तो सच्ची फसल कैसे उगेगी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि इसीलिए हमारी सबसे बड़ी आपत्ति यही है कि पहले जनगणना कराई जाए फिर महिला आरक्षण की बात उठाई जाए। जो सरकार महिलाओं को गिनना नहीं चाहती है, वह भला उन्हें आरक्षण क्या देगी। महिलाओं के साथ भाजपा और उनके संगी-साथी जो धोखा करना चाहते हैं। महिलाओं के साथ वह छलावा हम नहीं होने देंगे।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि कुल मिलाकर वह सरकार से कहना चाहते हैं कि जब तक जनगणना नहीं, तब तक महिला आरक्षण पर बहस करना भी फिजूल है।

# विजन इंडिया

# सौहार्द से ही आएगी समानता

-अखिलेश




बुलेटिन ब्यूरो

राजस्थान की राजधानी जयपुर में 11 अप्रैल को आयोजित विजन इंडिया-हारमोनियस हेरीटेज समिट को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने आगामी नीतियों-कार्यक्रम को लेकर गंभीर विमर्श किया।

उन्होंने कहा कि आज हमारे कार्यक्रम का संदेश सौहार्द, अमन-चैन और भाईचारा बढ़ाना है क्योंकि बिना सौहार्द के अमन-चैन और विकास नहीं हो सकता है। जब अमन-चैन होगा तो विकास होगा। समानता आएगी। समाज बढ़ेगा, देश बढ़ेगा। असमानता दूर होगी। सामाजिक न्याय का राज स्थापित होगा।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि जयपुर साझी विरासत की पहचान है। पिंक सिटी के रूप में जाना जाता है। गुलाबी रंग सौहार्द का प्रतीक होता है। यह एक सच्ची धरोहर है। आर्किटेक्चर में भारतीय, मुगल शैली देखी जा सकती है। यहां कई किले हैं। खाने में भी विरासत और धरोहर दिखाई देता है। मिली जुली संस्कृति है। हमारी कोशिश है कि जयपुर से सौहार्द का संदेश पूरे देश में जाए। तरक्की और खुशहाली हो।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान हेरिटेज को लेकर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। सबसे पहले आर्कियोलाजी का विभाग बनाया गया। इसका काम सभी विभागों से तालमेल बनाकर काम करना था।

यूपी में कई शहरों की धार्मिक पहचान है। शहर बहुत पुराने हैं। हम लोगों ने हेरिटेज आर्क से शुरुआत की। आगरा, मथुरा, वाराणसी के साथ कारपेट कारोबार के लिए प्रख्यात शहर भदोही को शामिल किया। शहरों के आधारभूत ढांचे के विकास के लिए काम किया। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पुराने शहर का सौन्दर्यीकरण किया। आधारभूत ढांचा विकसित किया गया। पर्यटन को बढ़ाने के लिए काम किया गया।

श्री यादव ने कहा कि लोगों के अन्दर अपनी जगह और संस्कृति को लेकर लगाव होता है। समाजवादी सरकार ने लखनऊ के साथ आगरा को भी बेहतर बनाया। आगरा के बटेश्वर को उसकी पहचान वापस दिलाई। समाजवादी सरकार ने पहली बार साइकिल हाई-वे बनाया। इको टूरिज्म, बर्ड फेस्टिवल का कार्यक्रम किया। पार्कों को राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की पहचान के लिए कदम उठाए। हमारी कोशिश रही कि इस मुहिम में निजी क्षेत्र भी शामिल हों।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी में लंबे समय से जगह-जगह मेले, सांस्कृतिक आयोजन, कार्यक्रम होते हैं लेकिन पहले उसका कोई डॉक्यूमेंटेशन नहीं होता था। समाजवादी सरकार ने पहली बार ऐसे कार्यक्रमों का डॉक्यूमेंटेशन शुरू किया, प्रमोशन किया। बजट दिया। इन चीजों के प्रति जिन लोगों का लगाव था, उन्हें जोड़ा गया। रामायण मेला शुरू किया। शिल्पकारों, बुनकरों को स्थान दिया।

लखनऊ में बुनकरों, शिल्पकारों और हस्त शिल्पियों के लिए शिल्पग्राम बनाया, जहां वे अपना सामान रख सकते हैं। बजट से सब्सिडी दी। इसी तरह से भदोही में कारपेट बाजार बनाया, नोएडा में भी बनाया। वाराणसी के अलावा मुबारकपुर में साड़ियां बहुत बनती हैं।

इसके लिए समाजवादी पार्टी सरकार ने एक साड़ी बाजार बनाया। कारीगरों को जगह दी। आगरा में म्यूजियम बनाया जिससे दुनिया से आने वाले लोग हमारी साझी विरासत को देखें और समझें। इतिहास में जाएं तो अच्छे सबक ढूंढ कर लाएं।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार ने विरासत को संरक्षित करने और उसके प्रचार प्रसार के लिए बहुत काम किए। संगीत, कला, शिल्प, गायन, साहित्य के क्षेत्र में विरासत को आगे बढ़ाने वाले कलाकारों और साहित्यकारों को यश भारती सम्मान से सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। कला और संस्कृति को सम्मान दिया गया।

बुनकरों की मदद के लिए पेंशन शुरू की। समाजवादी सरकार ने विरासतों को आगे बढ़ाने के लिए उसी क्षेत्र के लोगों को जोड़ा। कन्नौज में परफ्यूम पार्क बनाकर वहीं के



# जयपुर में सपा मुखिया का भव्य स्वागत

बुलेटिन ब्यूरो

विज़न इंडिया समिट में शिरकत के लिए जयपुर पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव का भव्य स्वागत किया गया। जयपुर एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा जब मुद्दों से हारती है तब संस्थाओं के पीछे छिपकर हमले करती है। भाजपा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। वह ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स के नाम पर बेनकाब हो चुकी है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने फर्जी दस्तखत से वोट कटवाने की साजिश की। समाजवादी पार्टी का वोट कटवाने के लिए फर्जी हस्ताक्षरों से बड़े पैमाने पर फार्म 7 भरे गए। समाजवादी पार्टी ने शिकायत की लेकिन चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की।

पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए श्री यादव ने कहा कि जयपुर के वातावरण में साझी विरासत घुली हुई है। जयपुर पिंक सिटी के नाम से जाना जाता है। हम जयपुर में पीडीए की पौध लगाने आए हैं। भाजपा सरकार में बहुत अन्याय, अत्याचार, पीड़ा है। जहां पीड़ा है, वही पीडीए है। समाजवादी पार्टी पीडीए को एकजुट कर सामाजिक न्याय का राज लाने का काम कर रही है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश को विश्व गुरु होने का सपना दिखाया था लेकिन वैश्विक संकट और युद्ध काल के दौरान सरकार और प्रधानमंत्री जी ने मौका खो दिया, लोगों को जोड़ने का काम किया। समाजवादी सरकार ने बौद्ध सर्किट को जोड़ने का काम किया। कुशीनगर में एक एयरपोर्ट बनाया। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाली एक संस्था से सुझाव लेकर इन्फ्रांस्ट्रक्चर बनाया। जो रामायण मेला कभी डॉ. राममनोहर लोहिया ने शुरू किया था उसे समाजवादी सरकार ने अयोध्या में कराया।

सब्सिडी, ग्रांट देकर चित्रकूट का प्रचार कराया। रोप-वे बनवाया। इसका परिणाम हुआ कि चित्रकूट में बड़ी संख्या में पर्यटक आने लगे। समाजवादी सरकार ने दुधवा नेशनल पार्क, पीलीभीत टाइगर रिसर्च का विकास किया। हेरीटेज के साथ नेचुरल हेरीटेज पर भी हमारा पूरा फोकस था।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि हेरीटेज को संरक्षित करने, उनकी पुरानी पहचान बचाते हुए नए रूप में ढालना चुनौती होती है लेकिन अगर सरकार बजट दे, लोकल लोगों की मदद और निजी क्षेत्र की सहभागिता हो तो तकनीक का इस्तेमाल कर हारमोनियस हेरीटेज को बढ़ावा दिया जा सकता है। समाजवादी सरकार में बहुत सारे नक्शे, कागजात, लाइब्रेरी को डिजिटलाइज किया गया। कलाकारों की डिजिटल प्लेटफार्म दिया गया।

उन्होंने कहा कि विरासत को स्कूलों में पढ़ाया जाना चाहिए। बच्चों को ले जाकर हेरीटेज बिल्डिंगे दिखानी चाहिए। हेरीटेज चीजों पर कम्पीटीशन और क्विज होना चाहिए। इसके महत्व को बताया जाए तो बच्चों का और आम लोगों का लगाव बढ़ेगा।

श्री यादव ने कहा कि आजकल सोशल मीडिया का प्रसार और प्रभाव बढ़ा है। हेरीटेज को बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया इन्फ्लुएन्सरों को शामिल किया जाए। उनसे स्टोरी कराई जाए। साझी विरासत और वसुधैव कुटुम्बकम की स्टोरी बनाकर आगे



अगर प्रधानमंत्री जी इजरायल दौरे के बाद अपने देश वापस लौटते समय ईरान में उतर गए होते तो आज दुनिया उन्हें विश्वगुरू के रूप में मान लेती।

समिट के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा भेदभाव करती है। इस बार पीडीए समुदाय भाजपा को हराने जा रहा है। समाजवादी पार्टी, पीडीए की एकजुटता से भाजपा को सत्ता से हटाने जा रही है। समाजवादी पार्टी समाज में सौहार्द, तरक्की और खुशहाली के लिए काम कर रही है, आगे भी करती रहेगी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि सौहार्द से अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली आती है। समाज में सामंजस्य होगा तो विकास होगा, भाईचारा, और बराबरी आएगी। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं है। भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। भाजपा ने समाजवादी पार्टी के एक नगर अध्यक्ष का फर्जी साइन कराकर समाजवादी पार्टी का ही वोट कटवा दिया।

जिलाधिकारी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय यह तलाश रहे थे कि समाजवादी पार्टी को फर्जीवाड़े की जानकारी कौन दे रहा है। श्री यादव ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धीकरण तभी होगा जब भाजपा सरकार जाएगी, इस बार पीडीए समुदाय भाजपा को हराने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि नई वोटर लिस्ट आई है। अभी समाजवादी पार्टी हर बूथ पर जांच करेगी, देखेगी कि कहीं समाजवादी पार्टी के वोट के साथ कोई गड़बड़ी तो नहीं हुई है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने यूपी को बर्बाद कर दिया। तमाम तरह का अवैध कारोबार हो रहा है। नशे का कारोबार बढ़ रहा है। एक सवाल के जवाब में श्री अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन यूपी में और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार ने उत्तर प्रदेश में विकास का मॉडल दिया।

बढ़ाई जाए तो इसकी पहुंच दूर तक जाएगी। उन्होंने कहा कि विरासत ही समाज में सौहार्द, भाईचारा लाएगी। समाजवादी सरकार आने पर बड़े मेलों का आयोजन करेंगे। अन्य स्थानों पर कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सौहार्द ही हमारी सच्ची धरोहर है। यही हमारे देश की पहचान है।

समिट में श्री अखिलेश यादव के साथ बातचीत में पूर्व मुख्य सचिव श्री आलोक रंजन और श्री संजीव श्रीवास्तव शामिल रहे। इस अवसर पर संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि श्री अखिलेश यादव अच्छे राजनीतिज्ञ के साथ नेक नीयत वाले व्यक्ति हैं। अखिलेश जी मा ॅडर्न, युवा और उम्मीदों से भरे राजनेता हैं।

श्री आलोक रंजन ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पहली बार हेरीटेज पालिसी श्री अखिलेश यादव की सरकार में बनाई गई। पुराने महलों, पार्कों, हवेलियों, टूटे-फूटे, ऐतिहासिक इमारतों को अच्छा बनाने के लिए उनके मालिकों से बातचीत की गई। ऐतिहासिक इमारतों तक सड़कों का निर्माण, पावर स्टेशन और अन्य सुविधाएं दी गईं।

इसके बाद 2012 से 2016 में यूपी में पर्यटन 40 फीसदी बढ़ गया। इसमें हेरीटेज टूरिज्म पालिसी बहुत महत्वपूर्ण रही। लखनऊ पहली बार पर्यटन के मैप पर आ गया। पुराने लखनऊ के हेरिटेज का अद्वितीय विकास हुआ। अब हर शाम उस क्षेत्र में उत्सव का माहौल रहता है। हारमोनियस हेरिटेज समिट में सांसद राजीव राय ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। समिट में श्री राजीव अरोड़ा और श्री योगेश चौधरी ने भी विचार व्यक्त किए। समिट में पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री राजेन्द्र चौधरी और श्री अभिषेक मिश्रा शामिल रहे।

कवर स्टोरी

# पश्चिम से आग़ाज़ अब PDA राज



बुलेटिन ब्यूरो

गौतमबुद्धनगर के दादरी में 2 9 मार्च 2026 की समाजवादी पार्टी की "समाजवादी समानता भाईचारा रैली" ने पश्चिम से पूरब तक स्पष्ट संदेश दिया है कि बदलाव का आगाज हो चुका है और उत्तर प्रदेश में पीडीए राज आने वाला है। रैली के मुख्य वक्ता समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव को देखने-सुनने उमड़ी भारी भीड़ से यह और ज्यादा स्पष्ट हो गया है कि यूपी की जनता ने 2027 में सत्ता परिवर्तन का मन बना लिया है।

जानकारों का स्पष्ट आकलन है कि हाल के वर्षों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसी भी जिले में किसी भी पार्टी की इतनी विशाल और इतनी अनुशासित रैली देखने को नहीं मिली। दादरी रैली के माध्यम से समाजवादी पार्टी ने 2027 के विधानसभा चुनाव का शंखनाद कर दिया है।

रैली में स्वत: स्फूर्त उमड़ा जन सैलाब गवाही दे गया कि यूपी की जनता, भाजपा सरकार से त्रस्त हो गई है। रैली में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने जिस तरह तर्कपूर्ण, सारगर्भित और धारा प्रवाह भाषण दिया, उसने पीडीए समाज को एक सूत्र में पिरो दिया।

श्री अखिलेश यादव के एक-एक शब्द पीडीए समाज के दिल में उतर गए हैं। पीडीए समाज को यह बात पूरी तरह समझ में आ गई है कि बिना सामाजिक राज की स्थापना के पीडीए समाज का भला नहीं होने वाला है।

श्री अखिलेश यादव ने इस रैली में समानता और भाईचारा को लेकर जो संदेश दिया, वह काबिले तारीफ है। उन्होंने सभी पीड़ितों चाहे




रैली




















वे किसी जाति, धर्म, समुदाय के हों, पीडीए से जोड़कर एक बड़ा संदेश दिया है।

जो पीड़ित, वह पीडीए, इस सूत्र वाक्य ने प्रदेश की जनता के बीच सकारात्मक संदेश का प्रवाह किया और वे भी 2027 में श्री अखिलेश यादव की सरकार बनाने का संकल्प ले चुके हैं। चूंकि यूपी की जनता ने श्री अखिलेश यादव की 2012-2017 की सरकार देखी है जिसमें सभी का सम्मान था, सुरक्षा थी, यूपी में खुशहाली थी इसलिए उनकी बातों पर सहज विश्वास होता है।

दादरी की यह रैली निश्चित रूप से यूपी की राजनीति में कई नए प्रतिमान और आयाम स्थापित करने वाली सिद्ध हुई। भीड़ के लिहाज से यह ऐतिहासिक और रिकार्ड तोड़ रैली थी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की इस रैली ने पूरब तक को जोड़ा है। संदेश दिए हैं, संकेत किए हैं कि 2027 में समाजवादी सरकार आ रही है। इस संदेश मात्र से पश्चिम से पूरब तक जनता के चेहरे पर मुस्कुराहट आई, विश्वास जगा है। रैली की अपार सफलता से भाजपा के माथे पर बल पड़ना स्वाभाविक ही है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव मिहिर भोज पीजी कॉलेज के मैदान में आयोजित रैली करीब एक घंटे लंबा भाषण दिया और आज की राजनीति के लगभग सभी बिन्दुओं को छुआ। उन्होंने कहा कि दादरी रैली में उमड़ा जनसैलाब इस बात का प्रमाण है कि पीडीए जाग चुका है। समाजवादी पार्टी 2027 में पीडीए के सहयोग से भाजपा को हराएगी और उत्तर प्रदेश में सरकार बनाएगी।

श्री अखिलेश यादव ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा के स्थानीय मुद्दे भी उठाए और बताया कि सपा शासन काल में ही इस क्षेत्र का सबसे



ज्यादा विकास हुआ था। भाजपा सरकार ने क्षेत्र को बर्बाद करने का काम किया है।

यह रैली मिहिर भोज पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के उसी मैदान पर हुई थी जहां सितंबर 2021 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा के बाद भारी विवाद हुआ था। गुर्जर विद्या सभा द्वारा संचालित इस कॉलेज में गुर्जर समाज के लोगों ने गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा स्थापित की थी।

इसका अनावरण करने के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया गया था। मुख्यमंत्री ने प्रशासन को आदेश देकर शिलापट पर लिखा 'गुर्जर' शब्द हटवा दिया था। इस घटना को लेकर गुर्जर समाज में भाजपा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति भारी नाराजगी थी।

श्री अखिलेश यादव ने यह ऐलान कर गुर्जर समाज के घाव पर मरहम लगाने का काम किया कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर लखनऊ के गोमती रिवर फ्रंट पर गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

दादरी रैली का मंच भी इस तरह डिजाइन किया गया था कि जब श्री अखिलेश यादव भाषण कर रहे थे तो उनके पीछे सम्राट मिहिर भोज की विशाल प्रतिमा दिखाई दे रही थी। इससे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और गंगाजल से अभिषेक किया।

रैली में जिस जोश और उत्साह के साथ ढोल-नगाड़े बजाते हुए और नारे लगाते हुए जत्थे पर जत्थे आ रहे थे वह दृश्य देखने लायक था। ग्रामीण महिलाएं लोकगीत गाती हुई और नृत्य करती हुई आ रही थीं। इन सब दृश्यों ने रैली को उत्सव का रूप दे दिया था। रैली स्वतः स्फूर्त थी। रैली में आने वाले लोगों को देखकर लग रहा था कि वे लोग अपनी इच्छा से खुद चलकर आए हैं। उन्हें बहका कर या लालच देकर नहीं लाया गया है।

रैली के संयोजक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने दावा किया कि रैली में किराये के एक भी वाहन का उपयोग नहीं किया गया। जो भी लोग आए, अपनी सवारियों से खुद आए। राजकुमार भाटी ने बताया कि वह पिछले आठ महीने से इसकी तैयारी में लगे थे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सौ






से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में उन्होंने डेढ़ सौ से ज्यादा पीडीए चौपालों का आयोजन किया।

चौपालों के माध्यम से लोगों को राजनीतिक मुद्दे समझाए और समाजवादी पार्टी के समर्थन में उनका मानस तैयार किया। इसलिए लोग खुद चलकर आए और दादरी में इतनी सफल रैली सम्पन्न हुई।

रैली में सपा मुखिया के भाषण को सुनने के बाद पीडीए समाज का यह भरोसा और मजबूत हुआ है कि श्री अखिलेश यादव 2027 में जब सरकार बनाएंगे तो निश्चित ही यूपी में खुशहाली आएगी। सभी के साथ न्याय होगा, सुरक्षा मिलेगी और विकास के पथ पर फिर से दौड़ेगा क्योंकि जनता ने श्री अखिलेश यादव की पूर्व की सरकार देखी है जिसमें यूपी में मजबूत इंफ्रास्टक्चर खड़ा हुआ। मेट्रो और लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे जैसी बड़े प्रोजेक्ट आज भी देश में खुशहाली, तरक्की, विकास की मिसाल बने हुए हैं।



# बदलाव से ही बदलेगा यूपी का भाग्य

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने 29 मार्च को नोएडा के दादरी में स्थित सम्राट मिहिर भोज कॉलेज मैदान में आयोजित विशाल समाजवादी समानता भाईचारा रैली को संबोधित करने से पहले गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

रैली को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के फैसलों से जनता को दुःख और तकलीफ मिली है। भाजपा ने तमाम बार जनता को धोखा दिया है। प्रधानमंत्री जी रैलियों और सभाओं में बहुत बातें करते हैं लेकिन महंगाई, बेरोजगारी, रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत, की बातें नहीं करते हैं। भाजपा की सरकार ने किसानों की जमीन ली लेकिन बाजार भाव से मुआवजा नहीं दिया।

उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार बनने पर विकास के लिए जब किसानों की जमीन लेंगे तो बाजार भाव से मुआवजा देंगे। जेवर एयरपोर्ट में जिनकी जमीनें गई हैं, वे जानते हैं कि सरकार ने उन्हें धोखा दिया, बाजार भाव से मुआवजा नहीं दिया। कानून का भी लाभ किसानों को नहीं दिया। समाजवादी पार्टी की सरकार आने पर पहले पंचायत व्यवस्था की तरह गांवों को अर्बन यूनिट मानकर अधिकार देने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा नौ साल से सरकार में है लेकिन जमीन का मुआवजा नहीं बढ़ाया। जिस तरह का मुआवजा समाजवादी सरकार में मिलता था, वैसा इस सरकार ने कभी नहीं दिया। इस सरकार में समाजवादी पार्टी की सरकार की तरह न तो 64 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा दिया और न 4 फीसदी प्लाट दिया। कालोनियों को नियोजित नहीं किया।

श्री अखिलेश यादव ने जनता से बदलाव की अपील करते हुए कहा कि बदलाव से ही यूपी का भाग्य बदलेगा। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार निवेश का झूठा दावा करती है। सरकार बताती है कि 50 लाख करोड़ का एमओयू हुआ लेकिन जमीन पर कुछ नहीं उतरा, पांच प्रतिशत के नाम पर अपनी जेबें भरते रहे। नौजवानों के लिए रोजगार नहीं है। पढ़े-लिखे नौजवानों को नौकरियां नहीं मिल रही हैं। समाजवादी सरकार नौजवानों की पढ़ाई को व्यवस्थित करेगी, ट्रेनिंग देगी, नए तरह की नौकरियों के लिए काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि दादरी में केवल रैली नहीं हो रही है, यह सामाजिक न्याय का राज लाने का आह्वान है। हम पीडीए के लोग मिलकर सरकार बनाने जा रहे हैं। आज पीडीए के लोग अपना हक और मान, सम्मान पाने के लिए इकट्ठे हुए हैं। पीडीए सरकार बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान के रास्ते पर सामाजिक न्याय के राज की स्थापना कर आगे बढ़ेगी।

श्री यादव ने गुर्जर सम्राट मिहिर भोज को नमन करते हुए कहा कि कुछ लोग हमारे सम्राट को भी छीन लेना चाहते थे। उसके लिए यहां के लोगों ने बड़ी लड़ाई लड़ी। समाजवादी सरकार में जब-जब मौका मिला है, यहां के लोगों को सम्मानित किया। शहीद विजय सिंह पथिक के नाम से स्टेडियम बनाया, सबसे बड़ा पार्क गुर्जर सम्राट मिहिर भोज के नाम से बनाया था। 1857 की लड़ाई में तमाम क्रांतिकारियों के साथ कोतवाल धनसिंह गुर्जर के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि 2027 में सरकार बनने के बाद राजधानी लखनऊ में गोमती रिवरफ्रंट पर स्मारक बनाकर प्रतिमाएं

लगवाएंगे। यहां मौजूद लोग सच्चे देशभक्त और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में इतिहास में दर्ज हैं। हमेशा रहेंगे और भविष्य के इतिहास में दर्ज रहेंगे। यहां के लोगों का संघर्ष का लंबा इतिहास है। यहां के लोगों ने मान सम्मान से कभी समझौता नहीं किया है।

श्री यादव ने कहा कि जो लोग नोएडा आने को लेकर भ्रम फैलाते हैं, उन दोनों लोगों ने मिलकर उतने कार्यकर्ताओं से मुलाकात नहीं की होगी, जितनी हमने अपने कार्यकर्ताओं के घरों पर जाकर चाय पी है और सम्मान दिया है।

उन्होंने कहा कि नोएडा के विकास के लिए समाजवादियों का योगदान कोई नहीं भूल सकता है। नोएडा से दिल्ली की जोड़ने वाली मेट्रो समाजवादी सरकार ने बनाई थी। समाजवादी सरकार ने नोएडा और दिल्ली मेट्रो को जोड़ने के साथ ग्रेटर नोएडा को भी मेट्रो रेल से जोड़ा था। विकास के तमाम फैसले समाजवादी पार्टी की सरकार में हुए। ईस्ट-वेस्ट फ्रेट कॉरिडोर, डीएमआईसी का गठन और नोएडा, ग्रेटर नोएडा समेत आसपास के जिलों के विकास के लिए समाजवादी सरकार ने काम किया था।

श्री यादव ने कहा कि बदलाव सिर्फ बात से नहीं आएगा, मिल-बैठकर समझने और समझाने से आएगा। एक तरफ अहंकारी और उत्पीड़न करने वाले लोग हैं। दूसरी तरफ उत्पीड़ित और उपेक्षित लोग हैं। पीडीए आगे बढ़ने का सामाजिक आंदोलन है। उन्होंने कहा कि जिसने अपमान की पीड़ा नहीं झेली है वे दुःख को नहीं समझ सकते हैं, वे हमदर्दी तो दिखा सकते हैं लेकिन पीड़ा नहीं समझ सकते जो पीड़ा हमारे घर को गंगा जल से धुलवाने पर हुई थी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए की मुहिम एक दो चुनाव की नहीं है। सदियों से जो पीड़ा है उसे खत्म करने की है। अपने भविष्य को चुनने की है। पीडीए के मान-सम्मान के लिए संघर्ष जारी रहेगा। जैसे-जैसे पीडीए में पढ़ाई-लिखाई बढ़ेगी, वैसे-वैसे जागरुकता आएगी। हमारा लक्ष्य किसान, मजदूर, नौजवान, महिला, कारोबारी हर एक की खुशहाली है। यह खुशहाली तब आएगी जब मकसद बड़ा होगा। दिलों में सौहार्द होगा। भाईचारा, अमन-चैन होगा। यह तभी होगा जब समाज में आपसी विश्वास होगा। समाज एकजुट होगा तो पांच फीसदी वर्चस्ववादी लोगों का शोषण खत्म होगा। पीडीए की लड़ाई पांच फीसदी लोगों से है, जो 95 फीसदी के अधिकारों और हकों का शोषण कर रहे हैं।

श्री यादव ने कहा कि जब तक भाजपा है संविधान खतरे में रहेगा। भाजपा को हटाना और हराना होगा। भाजपा दल नहीं है। यह दरारवादी, नकारात्मक, भेदवादी विचारधारा का गिरोह है। हमारा नारा है- नकारात्मक विचारधारा हटाओ, संविधान बचाओ। जब तक नकारात्मक विचारधारा नहीं हटेगी तब तक पीडीए कामयाब नहीं होगा।

श्री अखिलेश यादव ने रैली में आए सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं, आम जनता को धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस रैली में मिले जनसमर्थन से भाजपा के होश उड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की रैली से पहले एक रैली हुई थी। उस रैली में लोग आए नहीं थे, लाए गए थे।

समाजवादी समानता भाईचारा रैली की अध्यक्षता पूर्व सांसद हरीश पाल ने की। रैली को नेता विरोधी दल विधानसभा माता प्रसाद पाण्डेय, राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन, सांसद हरेन्द्र मलिक, सांसद धर्मेन्द्र यादव, सांसद इकरा हसन, विधायक अतुल प्रधान, पूर्व मंत्री जावेद आब्दी ने भी सबोधित किया।





# समाजवादी उभार का नया अध्याय



प्रेम कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश की राजनीति में पश्चिमी हिस्सा हमेशा से एक दिशा-निर्देशक की भूमिका निभाता रहा है। कहा जाता है कि जो हवा पश्चिम से उठती है, वह पूरे प्रदेश की राजनीतिक फ़िज़ा को बदल कर रख देती है। मार्च के अंत में, दिल्ली से सटे गौतम बुद्ध नगर जिले के दादरी और जेवर में जो राजनीतिक हलचल देखने को मिली, वह केवल दो रैलियों का आयोजन नहीं था बल्कि उत्तर प्रदेश के आगामी राजनीतिक भविष्य का एक स्पष्ट खाका था। एक तरफ जेवर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सत्ता-समर्थित सभा थी तो दूसरी तरफ दादरी में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के लिए जन-सैलाब। इन दोनों आयोजनों का तुलनात्मक अध्ययन यह समझने के लिए पर्याप्त है कि ज़मीनी हकीकत और सत्ता के नैरेटिव में कितना बड़ा फासला आ चुका है।

### सत्ता का बल बनाम जनता का संकल्प

जेवर और दादरी की इन दोनों रैलियों ने राजनीतिक लामबंदी के दो बिल्कुल अलग-अलग मॉडल देश के सामने रखे। जेवर में प्रधानमंत्री की सभा के दौरान एक स्थापित सरकारी तंत्र पूरी तरह से सक्रिय दिखा। स्थानीय चर्चाओं और मीडिया के एक धड़े से सामने आई बातों पर गौर करें तो, इस सभा में भीड़ जुटाने के लिए प्रशासनिक मशीनरी का खुलकर उपयोग किया गया।



कॉलेज के छात्रों को अतिरिक्त अटेंडेंस का प्रलोभन देने से लेकर, सरकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने तक के जो घटनाक्रम सामने आए, वे इस बात का संकेत देते हैं कि सत्ताधारी दल अब स्वतः स्फूर्त जनसमर्थन के बजाय 'प्रबंधित भीड़' पर अधिक निर्भर हो रहा है।

इसके ठीक विपरीत, अगले ही दिन दादरी में अखिलेश यादव की सभा का दृश्य पूरी तरह से अलग था। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों के अनुसार, इस रैली को विफल करने के लिए कई प्रशासनिक और ढांचागत बाधाएं खड़ी की गईं। रैली स्थल तक पहुंचने वाले मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया गया ताकि आम जनमानस वहां तक न पहुंच सके।

यह राजनीति का एक अघोषित नियम बन चुका है कि जब सत्ता किसी विपक्षी आवाज़ को दबाने के लिए बाधाएं उत्पन्न करती है, तो वह आवाज़ और भी अधिक मुखर हो जाती है। तमाम अवरोधों के बावजूद दादरी में जो हुजूम उमड़ा, उसने यह साबित कर दिया कि जब जनता बदलाव का मन बना लेती है, तो कोई भी ट्रैफिक रूट या प्रशासनिक बेरिकेडिंग उसे रोक नहीं सकती।

## पश्चिमी यूपी के किसानों की पीड़ा

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आत्मा किसानी में बसती है लेकिन आज यहां का किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। गन्ने का लाभकारी मूल्य न मिलना, भुगतान में देरी, छुट्टा पशुओं का आतंक और खेती की बढ़ती लागत ने किसानों की कमर तोड़ दी है। किसान आंदोलन के गहरे जख्म अभी भरे भी नहीं थे कि राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के नेता जयंत चौधरी ने अचानक सत्ता के खेमे का रुख कर लिया और बीजेपी से हाथ मिला लिया।

जयंत के इस कदम ने पश्चिमी यूपी की





राजनीति में एक बड़ा भूचाल ला दिया लेकिन इसका सबसे बड़ा नुकसान खुद जयंत को हुआ है। किसान इस बात को भूल नहीं पा रहे कि जयंत को राज्यसभा में अगर समाजवादी पार्टी ने नहीं भेजा होता तो वे मोदी मंत्रिपरिषद के नगीना कैसे बनते?

सत्ता की इस सौदेबाजी ने जयंत चौधरी को अपने ही कोर वोटर—विशेषकर जाट और किसान समुदाय—के बीच पूरी तरह से अलग-थलग कर दिया है। जिन किसानों ने दिल्ली की सीमाओं पर लाठियां खाईं और शहादतें दीं, वे इस राजनीतिक यू-टर्न को पचा नहीं पा रहे हैं। जनता अब यह समझ चुकी है कि उनके मुद्दों की तिलांजलि देकर सिर्फ सत्ता सुख के लिए गठबंधन किए गए हैं। जो जयंत समर्थक भी हैं उन्हें भी इस बात का मलाल है कि जयंत चौधरी को बीजेपी में उचित सम्मान नहीं दिया जा रहा। क्या जेवर की रैली में जयंत चौधरी पीएम मोदी के साथ मंच पर मौजूद होने के लिए श्रेष्ठतम नेता नहीं थे?

## समाजवादी पार्टी के लिए खुला नया मैदान

जयंत चौधरी के पाला बदलने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जो एक बड़ा राजनीतिक और भावनात्मक शून्य पैदा हुआ, उसने समाजवादी पार्टी को अपना जनाधार फैलाने का एक ऐतिहासिक अवसर दे दिया है। पहले सपा को इस क्षेत्र में रालोद के गठबंधन के सहारे चलना पड़ता था, लेकिन अब किसान और युवा बिना किसी 'राजनीतिक बिचौलिए' के सीधे समाजवादी पार्टी के संपर्क में आ रहे हैं। दादरी की रैली में उमड़ी भीड़ इस बात का सुबूत है कि जो किसान कल तक रालोद का झंडा उठाता था, वह आज अखिलेश यादव की नीतियों और पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के विमर्श में अपना भविष्य देख रहा है।

## नफरत नहीं, एकता का सूत्र

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में 'जाति' और 'कुनबे' (खाप) का बहुत गहरा प्रभाव रहा है। पिछले कुछ वर्षों में इन पहचानों का इस्तेमाल अक्सर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और दो समुदायों के बीच नफरत पैदा करने के लिए किया गया। लेकिन समाजवादी पार्टी के अभियान ने इस विमर्श को पूरी तरह से पलट दिया है। ज़मीनी नेताओं ने लोगों को यह समझाया कि अपनी जाति या अपने कुनबे से प्रेम करने का मतलब दूसरों से नफरत करना नहीं है।

जाति और कुनबा दरअसल हमारी

सामाजिक संरचना में एक-दूसरे के सुख-दुख में खड़े होने, आपसी भाईचारे को मजबूत करने और अपने अधिकारों (जैसे गन्ने का दाम और रोज़गार) के लिए एकजुट होने का मंच है। यह एकता के लिए है, विखंडन के लिए नहीं। जब एक गुर्जर, एक जाट, एक दलित और एक अल्पसंख्यक यह समझ लेता है कि उनकी मूल समस्याएं एक हैं, तो नफरत की राजनीति की हार तय हो जाती है।

## सपा की रणनीति

समाजवादी पार्टी का व्यापक प्रभाव क्षेत्र हमेशा से मध्य उत्तर प्रदेश और पूर्वांचल रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जटिल जातीय समीकरणों और हिंदुत्ववादी उभार ने इस क्षेत्र को सपा के लिए एक चुनौतीपूर्ण दुर्ग बना दिया था। ऐसे में, अखिलेश यादव का अपने चुनाव अभियान की शुरुआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश (दादरी) से करना कोई संयोग नहीं है। उन्होंने उस क्षेत्र से शंखनाद किया है, जहां पार्टी सबसे अधिक संघर्ष करती रही है। यह एक स्पष्ट संदेश है कि समाजवादी पार्टी अब यहां किसी की मोहताज नहीं है। वह सत्ता पक्ष को उसके सबसे मजबूत किले में सीधे चुनौती दे रही है, जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं में एक जबरदस्त मनोवैज्ञानिक ऊर्जा का संचार हुआ है।

## सत्ता का रास्ता पश्चिम से होकर जाता है

दादरी की यह ऐतिहासिक रैली केवल भीड़ का जमावड़ा नहीं थी; यह उत्तर प्रदेश की राजनीति में हो रहे एक बड़े 'टेक्टोनिक शिफ्ट' का संकेत है। किसान और नौजवान अब कृत्रिम रूप से जुटाई गई भीड़ और खोखले प्रचार तंत्र से ऊब चुके हैं।

अगर समाजवादी पार्टी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इस सामाजिक ताने-बाने को साध लिया और जयंत के जाने से छिटके हुए किसानों को पीडीए के साथ मतदान केंद्रों तक सफलतापूर्वक पहुंचा दिया, तो उत्तर प्रदेश में उसे सत्ता में आने से कोई रोक नहीं सकता। जेवर का सरकारी तंत्र भले ही संख्या बल दिखाने में सफल रहा हो लेकिन दादरी की सड़कों पर उमड़े स्वतः स्फूर्त जनसैलाब ने लिख दिया है कि भविष्य की राजनीति का एजेंडा अब जनता खुद तय करेगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश जाग चुका है, और इसकी गूंज लखनऊ से लेकर दिल्ली तक स्पष्ट सुनी जा सकती है।



# उत्कृष्ट कार्य के लिए
# 26 महिलाओं का सम्मान




बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव की दादी जी मूर्ति देवी एवं माता जी मालती देवी की याद में 22 मार्च को महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव व मैनपुरी की सांसद श्रीमती डिंपल यादव ने साहित्य-संगीत, चिकित्सा, खेल, न्याय, जनजागरण, शौर्य, पत्रकारिता, हस्तशिल्प, शिक्षा, दलित विमर्श के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए 26 महिलाओं को सम्मानित किया।

महिला सम्मान समारोह में फूलन देवी, जिन्हें समाजवादी पार्टी ने सांसद बनाया था, उनके नाम पर भी सम्मान दिया गया। सामाजिक न्याय की दृष्टि से यह सम्मान ऐतिहासिक है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव एवं मैनपुरी की सांसद श्रीमती डिंपल यादव ने समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में आयोजित समारोह में जनजागरण के लिए ऊदा देवी झलकारी बाई सम्मान, सामाजिक कार्यकर्ता रोशनी, खेल के क्षेत्र में रानी लक्ष्मी बाई सम्मान से क्रिकेटर पूनम यादव, जनआंदोलन के लिए महावीरी देवी बाल्मीकी सम्मान से ममता गौतम, साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए बेगम हजरत महल सम्मान से सुमन पाण्डेय और बुशरा, शिक्षा के क्षेत्र में सावित्री बाई-शेख फातिमा सम्मान से डॉ रीता चौधरी और कहकशां अरबी, पर्यावरण के लिए अहिल्याबाई होल्कर सम्मान से डॉ सुनीता यादव, चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. रमा यादव सम्मान से डॉ नय्यरा शकील, विज्ञान के क्षेत्र में डॉ कमर रहमान, वकालत के क्षेत्र में लीला सेठ सम्मान से नंदिनी वर्मा, संगीत के क्षेत्र में

बेगम अख्तर सम्मान से अनीता गौतम और सुनीता झींगरन को सम्मानित किया गया।

साहित्य के क्षेत्र में कमला चौधरी सम्मान से डॉ रेनू यादव, हस्तशिल्प के क्षेत्र में कमला देवी चट्टोपाध्याय सम्मान से रिजवाना, अक्शा और अलशिफा, पत्रकारिता के क्षेत्र में महादेवी वर्मा सम्मान से डॉ. माद्री ककोटी और अजीज काविश लेनिन, दलित विमर्श के क्षेत्र में सरस्वती अम्माल अलमेलू अम्माल सम्मान से डॉ प्रियंका सोनकर, बाल शिक्षा के क्षेत्र में दुर्गा देवी वोहरा सम्मान से सुनैना देवी, फिल्म थियेटर के क्षेत्र में जद्दन बाई सम्मान से अर्चना आर्य, मानवाधिकार के क्षेत्र में सरोजनी नायडू सम्मान से शहनाज सिद्दीकी, उर्दू साहित्य के क्षेत्र में इस्मत चुगताई सम्मान से डॉ. सबीहा अनवर, बहादुरी के लिए फूलन देवी सम्मान से रीमा गौतम, लोक नाट्य के क्षेत्र में गुलाब बाई सम्मान से मधु अग्रवाल को सम्मानित किया गया।



समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित महिलाओं को बधाई देते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान के लिए हमेशा काम किया है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में समाजवादी सरकार बनने पर महिलाओं के सम्मान और समृद्धि के लिए फिर योजनाओं को लागू करेंगे। आधी आबादी को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

श्री यादव ने कहा कि आज लिखने, बोलने आन्दोलन पर पाबंदी है। झूठे मुकदमें लिखे जाते हैं। अब यह बात साफ हो गई है कि लोग जब बूथ पर जाएंगे तो भाजपा सरकार का पता नहीं चलेगा। इस सरकार में आधी आबादी को सबसे ज्यादा दुख और तकलीफ मिली है। जब तक महिलाओं के बारे में समाज की सोच नहीं बदलेगी, तब तक तरक्की नहीं होगी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि 1090 वूमेन सेवा समाजवादी सरकार की महत्वपूर्ण





योजना थी। 1090 वूमेन पावर लाइन के माध्यम से महिलाओं, बेटियों की मदद हुई। जब उसके आंकड़े आए तो सुप्रीमकोर्ट ने भी तारीफ की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि समाजवादी सरकार में उत्तर प्रदेश में शुरू हुई 1090 योजना से अन्य प्रदेशों को सीखना चाहिए और लागू करना चाहिए।

समाजवादी सरकार ने यूपी पुलिस को देश का सबसे अच्छा रिस्पांस सिस्टम यूपी डायल 100 दिया था। इसमें कॉल सुनने के लिए महिलाओं और लड़कियों को रखा गया।

श्री यादव ने कहा कि देश में बेटियों को पढ़ाई के लिए सबसे पहले देश में नेताजी मुलायम सिंह यादव ने समाजवादी सरकार में कन्या विद्या धन योजना शुरू की थी। समाजवादी पार्टी ने अपनी हर सरकार में उस योजना को लागू किया। उसके पहले बेटियों के लिए इस तरह की कोई योजना नहीं थी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर बेटियों की पढ़ाई, गरीब महिलाओं को समृद्ध बनाने के लिए और अच्छी योजनाएं लाएंगे। पीडीए के माध्यम से सरकार बनाकर महिलाओं का विशेष सम्मान करेंगे। महिलाओं को हर साल 40 हजार रूपये देकर उनकी मदद करेंगे। श्री यादव ने कहा कि आधी आबादी को आगे बढ़ाए बिना देश की तरक्की नहीं हो सकती है। समाजवादी पार्टी महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएं लाएगी।

मैनपुरी की सांसद श्रीमती डिंपल यादव ने सम्मानित महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि किसी देश को आगे बढ़ना है तो महिलाओं और बेटियों को आगे बढ़ाना जरूरी है। आज नए भारत में हमारी बेटियां और महिलाएं पिछड़ती जा रही हैं। महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। हर रोज की घटनाओं को देखकर दुःख होता है। इस सरकार में अन्याय को भी छिपाने की कोशिश हो रही है।

श्रीमती डिंपल यादव ने उत्तराखंड की अंकिता भंडारी केस का जिक्र करते हुए कहा कि इस कांड को सुनकर बेहद दुःख हुआ। शासन-प्रशासन ने अंकिता भंडारी केस से जुड़े सारे सबूत मिटा दिए। उन्होंने कहा कि आज बहुत बड़ा सवाल है कि जिस समाज में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं वह कैसे तरक्की करेंगी। उन्होंने कहा कि समाज महिलाओं-


बेटियों पर बंदिशें लगा देता है। बड़ी संख्या में महिलाएं उन्हीं बंदिशों में बंधकर रह जाती हैं।

पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सोच हमेशा महिलाओं को आगे बढ़ाने की रही है। नेताजी ने महिलाओं के लिए कई योजनाएं लागू की थीं, वही गुण राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव में है। यह महिलाओं को बहुत सम्मान देते हैं। समारोह में पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन, प्रो रूप रेखा वर्मा ने भी विचार व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी की सरकार में महिला उत्थान के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख किया।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व मेयर प्रत्याशी श्रीमती वंदना मिश्रा ने किया। समारोह में पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री राजेन्द्र चौधरी को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सभी सम्मानित महिलाओं को बुके, शाल तथा प्रशस्ति पत्र दिए गए। श्री अखिलेश यादव व श्रीमती डिंपल यादव ने सम्मान समारोह समिति की अध्यक्ष वंदना मिश्रा, सलाहकार आलोक रंजन, पूर्व एमएलसी कांति सिंह, डॉ. मधु गुप्ता, मीरावर्धन, रूप रेखा वर्मा का भी शाल ओढ़ाकर सम्मान किया।

# “सपा सरकार में नारी समृद्धि सम्मान योजना शुरू करेंगे



बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने एक बार फिर संकल्प दोहराया है कि 2027 में समाजवादी सरकार बनने पर नारी समृद्धि योजना शुरू की जाएगी। इस योजना में महिलाओं को हर साल 40 हजार रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी।

साथ ही भाजपा सरकार में बदले की भावना से बंद की गई समाजवादी पेंशन योजना फिर शुरू करेंगे। इसके अलावा महिलाओं के कल्याण, सम्मान के लिए और भी तमाम योजनाएं शुरू की जाएंगी।

महिला सम्मान समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में महिलाओं के लिए रानी लक्ष्मी बाई सम्मान योजना शुरू की गई थी। उसमें बहादुरी और हुनर के लिए बेटियों को सम्मानित किया गया।

इसी तरह से यश भारती के जरिए देश विदेश में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले यूपी के विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया गया था। इसमें बड़ी संख्या में कवि, साहित्यकार, खिलाड़ी, संगीतकार, अन्य क्षेत्र के लोग सम्मानित किए गए थे। उन्हें सम्मान राशि भी देनी शुरू की थी। समाजवादी पेंशन दी जा रही थी। इस सरकार ने इन योजनाओं को बंद कर दिया।

# हर कीमत पर संविधान की रक्षा करेंगे समाजवादी

## - अखिलेश



बुलेटिन ब्यूरो

भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को समाजवादी पार्टी ने प्रदेश भर में उन्हें नमन करते हुए संजीवनी के तौर पर संविधान देने पर उनके प्रति कृतज्ञता जताई।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ के हजरतगंज चौक पर स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

श्री अखिलेश यादव ने इस अवसर पर संकल्प दोहराया कि बाबा साहब की नीतियों के अनुरूप सामाजिक न्याय के राज की स्थापना के लिए समाजवादी लोग संघर्ष जारी रखेंगे।

नमन करने के बाद श्री अखिलेश यादव ने कहा कि आज हम सब लोग भारतरत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को उनकी जयंती पर याद कर रहे हैं। हजारों सालों के शोषण के खिलाफ सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय के राज के लिए साल लगे या सदी समाजवादी लोग लगातार संघर्ष करेंगे।

श्री यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के समय भाजपा के लोगों ने कहा था कि 400 सीटें जीत जाएंगे तो संविधान बदल देंगे। हम उत्तर प्रदेश और देश की जनता को धन्यवाद देते हैं, उन्होंने बाबा साहब का संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए भाजपा के खिलाफ मतदान किया और संविधान को बचा लिया, लोकसभा में हार के बाद भाजपाई अंडरग्राउंड हो गए हैं। हम सभी लोगों को मिलकर भाजपा को हराना





और हटाना भी है।

उन्होंने कहा कि संविधान संजीवनी है। हम सभी को न्याय दिलाता है। आगे बढ़ने और बराबरी का मौका देता है। हम सभी समाजवादी लोग संविधान को बचाने और बाबा साहब के सिद्धांतों को बचाने के लिए काम करते रहेंगे।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा की दस साल की सरकार में कई जगह बाबा साहब की प्रतिमाएं खंडित की गईं। उन्हें अपमानित किया गया। बाबा साहब की मूर्तियों को तोड़ने वाले लोग अब वोट के लिए चुनाव से पहले जनता को भरमाने और झूठा संदेश देने के लिए बजट दे रहे हैं।

इस अवसर पर मोहनलालगंज से सांसद आरके चौधरी, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, विधायक रविदास मेहरोत्रा, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती जूही सिंह, अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल आदि मौजूद रहे।

एक उल्लेखनीय घटना यह भी हुई कि एक युवती के आग्रह पर अखिलेश जी ने उसके साथ ही प्लेट से खाना खाया। इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर जारी करते हुए सपा मुखिया ने लिखा *चलो मिलकर हम सब नया देश बनाएं एक थाली सजाएं, एक थाली में खाएं!*

समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव समेत पार्टी के बड़ी संख्या में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। बाबा साहब के बनाए संविधान की रक्षा करना हम समाजवादियों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

श्री यादव ने कहा कि संविधान विरोधी ताकतों को 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में हराकर सरकार से हटाना है।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, श्री मिठाई लाल भारती समेत संत महात्मा भंते बड़ी संख्या में पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता और डॉक्टर तथा समाज के अन्य वर्गो के लोग मौजूद रहे।

# लोहिया जी के विचारों -सिद्धांतों से ही आएगी समानता




बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती 23 मार्च को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ सहित प्रदेश भर में तथा अन्य राज्यों में मनाई गई। राजधानी लखनऊ में मुख्य कार्यक्रम गोमतीनगर स्थित डॉ राममनोहर लोहिया पार्क में आयोजित किया गया।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने डॉ राम मनोहर लोहिया पार्क पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि डॉ. लोहिया ने गरीबों, पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों और आधी आबादी के हक और सम्मान की लड़ाई लड़ने के लिए समाजवादी आंदोलन को दिशा दी। इसके साथ ही हम आजादी के आंदोलन में अपने जान की कुर्बानी देने वाले अपने क्रांतिकारियों सरदार भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को याद कर रहे हैं। सरदार भगत सिंह समाजवादी थे। डॉ. राम मनोहर लोहिया ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के दिए हुए संविधान के तहत समाजवादी विचार और सिद्धांत दिए।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि डॉ. लोहिया के समाजवादी विचारों पर चलकर ही देश और देश की बड़ी आबादी किसानों, नौजवानों, महिलाओं और गरीबों को खुशहाली के रास्ते पर लाया जा सकता है। आज सरकारों की गलत नीतियों से अमीर और गरीब के बीच खाई बढ़ती जा रही है, हर स्तर पर भेदभाव है। इस खाई को पाटने के लिए समाजवादी विचारधारा के अलावा कोई और दूसरा रास्ता नहीं है।

उन्होंने कहा कि डॉ. लोहिया ने सप्तक्रांति का आह्वान कर हर तरह के भेदभाव के खिलाफ




लड़ाई लड़ी। समाजवादी लोग हर तरह के भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे। नेताजी मुलायम सिंह यादव के संघर्षों से मिली समाजवादी पार्टी और हम समाजवादी लोग डॉ. लोहिया के जन्म समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाने, गरीब, किसान, मजदूर, आधी आबादी महिलाओं को सम्मान दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष करने का संकल्प लेते हैं।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि देश में महंगाई का कारण मुनाफाखोरी और भ्रष्टाचार है। भाजपा करीबी उद्योगपतियों और व्यवसायियों को लाभ पहुंचाने के लिए मुनाफाखोरी करा रही है। उसी कारण महंगाई बढ़ती जा रही है। डॉ. लोहिया का सिद्धांत है कि ज्यादा मुनाफा कमाना भ्रष्टाचार है। भाजपा मुनाफाखोरी के जरिए भ्रष्टाचार करा रही है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि डा. लोहिया ने नारा दिया था संसोपा ने बांधी गांठ, पिछड़े पावे सौ में साठ। हमारी मांग है कि देश में जातीय जनगणना कराई जाए। सभी जातियों को उनकी आबादी के हिसाब से हक और अधिकार दिए जाएं लेकिन भाजपा सरकार जातीय जनगणना नहीं कराना चाहती है। जनगणना को लेकर विज्ञापन जारी हुआ है लेकिन जातीय जनगणना को लेकर कोई स्पष्ट निर्देश नहीं दिए गए हैं।

इसका मलतब है कि यह सरकार पिछड़ों, दलितों की गिनती नहीं कराएगी। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना होने से देश में सभी जातियों की संख्या का पता चलेगा, सबको आबादी के हिसाब से हक मिल जाएगा तो समाज में भेदभाव समाप्त होगा।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि इस लोहिया पार्क को समाजवादी सरकार में नेताजी ने बनवाया था। समाजवादी सरकार में बना जनेश्वर मिश्र पार्क बहुत बड़ा और ऐतिहासिक पार्क है। उसमें भी बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण हुआ है। समाजवादी सरकार में बनाए गए पार्क हरे-भरे हैं। पेड़-पौधे हैं। लोहिया पार्क में नेताजी ने परिजात के पेड़ लगाए हैं। आबादी के बीच में ऐसा पार्क किसी शहर में नहीं है। भाजपा सरकार ने कोई पार्क नहीं बनाया, जो बनाया है उसमें पेड़ पौधे नहीं हैं, लोग अकेले खड़े हैं। लोहिया पार्क के बगल में गोमती रिवर फ्रंट और जेपीएनआईसी बना है। उन्होंने कहा कि अभी जेपीएनआईसी की पार्किंग खोली गई है, लगता है अधिकारियों को हवा का रुख पता चल गया है, उन्हें समझ में आ गया है कि समाजवादी पार्टी की सरकार आ रही है।



फोटो स्रोत : गूगल

# फसल की बर्बादी और कर्ज में डूबा यूपी का किसान

बुलेटिन ब्यूरो

भाजपा सरकार के झूठे वायदे और मौसम की मार की वजह से उत्तर प्रदेश का किसान बेहाल है। परेशान है। दावे और केवल वायदे कर रही भाजपा सरकार में किसानों का पुरसाहाल नहीं है इसलिए किसान फसल की बर्बादी और कर्ज में डूब गया है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव किसानों की हालत पर चिंतित हैं और लगातार आवाज बुलंद कर रहे हैं मगर भाजपा सरकारों पर कोई असर नहीं हो रहा है। श्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के सांसद संसद में भी किसानों की स्थिति पर आवाज उठा चुके हैं मगर सरकार चुप्पी साधे हुए है।

हाल के दिनों में उत्तर प्रदेश के मौसम का मिजाज़ बदला है। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। भाजपा सरकार अपने पुराने ढ़र्रे पर फसलों के नुकसान का आकलन करने की घोषणा तो करती है मगर जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हो रहा है। किसान भाजपा सरकार से राहत न मिलने पर दु:खी भी है और आक्रोशित भी।

भाजपा सरकार के निर्देशों के बारे में अधिकारियों को भी पता है इसलिए वे पुराने ढ़र्रे पर ही हैं और अभी तक किसानों की फसलों के नुकसान का आकलन ही नहीं कर पाए हैं। मुआवजा देना तो दूर की बात है। पश्चिम के आलू किसानों का तो हाल और बुरा है। उन्हें अपने आलू का उचित दाम ही नहीं मिल पा रहा है जिस वजह से वे आलू समेत खेत की जुताई करने को मजबूर हैं।

संसद से लेकर विधानसभा तक समाजवादी पार्टी के सांसद व विधायक किसानों की इस चिंता को जोरदार तरीके से उठा चुके हैं। किसानों के दर्द को सरकार के सामने बयान कर रहे हैं मगर भाजपा सरकार है कि किसानों की परेशानी से आंखें मूंदे हुए है। यही वजह है कि किसानों को अब समाजवादी सरकार की शिद्दत से जरूरत महसूस हो रही है क्योंकि समाजवादी सरकार में किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर होता रहा है।

समाजवादी सरकार ने हमेशा ही अन्नदाता किसानों को न केवल सम्मान दिया बल्कि उनकी फसलों को उचित कीमत भी दिलाई। आपदा में किसानों को मुआवजा देने में भी समाजवादी सरकारें हमेशा ही आगे रही हैं।

# अखिलेश सरकार में सर्वोपरि रहे किसानों के हित






प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के सानिध्य में राजेन्द्र चौधरी 12 तुगलक रोड, नई दिल्ली- 1979



राजेन्द्र चौधरी

पूर्व कैबिनेट मंत्री, उप्र सरकार

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव किसानों के प्रति पूर्णतया संवेदनशील एवं समर्पित हैं। समाजवादी सरकार में अन्नदाता और खेत/खलिहान में खुशहाली की दिशा में जो प्रयास शुरू हुए थे उसे पूरी ईमानदारी से श्री अखिलेश यादव ने बतौर मुख्यमंत्री अमलीजामा पहनाया।

उन्होंने किसानों का जीवन समृद्ध एवं खुशहाल बनाने के क्रम में 2015 के बजट में उस वर्ष को किसान वर्ष घोषित करने के साथ अनेक कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया।

पिछले दशक (2012-2017) में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की निर्वाचित सरकार का मुख्यमंत्री बनने पर श्री अखिलेश यादव ने किसानों को खुशहाल बनाने के लिए कई दूरदर्शी निर्णय लिए। उन नीतियों के क्रियान्वयन से किसानों के जीवन में स्थाई बदलाव हुआ।

श्री अखिलेश यादव ने किसानों से भूमि अधिग्रहण कर उन्हें समुचित मुआवजा देते हुए उनकी समस्याओं के समाधान के लिए ठोस पहल की। नोएडा से आगरा यमुना एक्सप्रेस-वे निर्माण की योजना तो पिछली सरकार ने बनाई थी, श्री अखिलेश यादव ने योजना को पूरी कराने के साथ उसका उद्घाटन कर जनता को सुविधाएं दीं।

इसके लिए जिन किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया गया था, उन कृषकों की मांगों का परीक्षण कर उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए तत्कालीन कैबिनेट मंत्री श्री राजेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में एक सदस्यीय उच्चस्तरीय कमेटी गठित की गई। श्री राजेन्द्र चौधरी से गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा और आगरा के किसानों के समूहों ने अपनी भूमि का उचित मुआवजा, उनके गांवों के लिए यमुना एक्सप्रेस वे पर विशेष रूप से बाजना कट सहित अन्य मुद्दों के समाधान हेतु लगातार मुलाकातें कीं।

तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के विश्वास से 2013 में कारागार मंत्री श्री राजेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा प्रस्तुत संस्तुतियाें पर 29 अगस्त 2014 को शासनादेश निर्गत किया गया। जिसके द्वारा प्राधिकरण क्षेत्र में भू अर्जन एवं सीधे क्रम द्वारा प्राप्त भूमि के दिए गए प्रतिकर पर 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा किसानों को दिए जाने का निर्देश दिया गया।




जनपद गौतमबुद्धनगर में 2007-08 के लिए निर्धारित 800 रुपये प्रतिवर्गमीटर पर अतिरिक्त मुआवजा 64.7 प्रतिशत करते हुए 517.60 रुपये प्रति वर्गमीटर निर्धारित किया गया। इसी प्रकार यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के अन्य जनपदों बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा, आगरा के लिए अतिरिक्त मुआवजा क्रमशः 517.60, 267.90, 267.90, 251, 251, 274.30 रुपये प्रतिवर्ग मीटर निर्धारित हुआ।

तत्कालीन कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी के सामने कई प्रलोभन और दबाव आए। कारपोरेट ताकतों ने अपने लाभ के लिए उनसे बार-बार संपर्क किया लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री श्री चौधरी चरण सिंह से प्रेरित किसान नीतियों पर चलने वाली श्री अखिलेश यादव सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री राजेन्द्र चौधरी, गाजियाबाद के पूर्व विधायक, को चौधरी चरण सिंह जी ने 1974 में गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र से बीकेडी; भारतीय क्रांति दल का प्रत्याशी बनाया था, ने उन सभी आग्रहों को अस्वीकार कर दिया।

उन्होंने किसानों की उचित मांगों को अक्षरशः मानकर किसानों के प्रति संवेदनशील भाव रखने वाले तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव से अपनी अध्यक्षता में गठित एक सदस्यीय समिति की संस्तुतियों को स्वीकार करवाते हुए 5245 ; पांच हजार दो सौ पैंतालिस करोड़ रुपये सरकार के कोष से जारी करवाए।

इसी क्रम में किसानों की मांग पर यमुना एक्सप्रेस वे पर अन्य लाभ दिए जाने के संबंध में बाजना कट की संस्तुति करवाकर समीपवर्ती गांवों के किसानों को राहत दिलाई गई। इसी क्रम में किसानों को राहत दिए जाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिसके अनुसार यदि कोई काश्तकार प्राधिकरण से नगद प्रतिकर के स्थान पर भू खंड लेता है तो उसे 10 प्रतिशत की छूट दिए जाने से प्राधिकरण पर कोई वित्तीय भार भी नहीं पड़ेगा, सहित किसान हित में कई प्रावधानों को सुनिश्चित कराया गया।

समाजवादी सरकार का किसानों को अतिरिक्त मुआवजा देने का ऐसा दूसरा उदाहरण कहीं और नहीं दिखाई देता है। तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने किसानों के प्रति उदार निर्णय लेते हुए प्रदेश की राजधानी लखनऊ से आगरा तक निर्मित लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे निर्माण में हुए भूमि अधिग्रहण के लिए यमुना एक्सप्रेस वे भूमि अधिग्रहण के किसानों को 64.7 प्रतिशत का अतिरिक्त मुआवजा देकर कृषकों की समस्याओं का समाधान किया।

इतना ही नहीं एक्सप्रेस वे के किनारे मंडियों का निर्माण कर किसानों के फसलों को बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में स्थाई समाधान किया। आगरा लखनऊ






एक्सप्रेसवे पर दो मंडियों पहली मैनपुरी जिले के करहल क्षेत्र में हवेलिया मंडी एवं दूसरी कन्नौज में ठठिया मंडी का निर्माण कराया गया था जो समाजवादी सरकार जाने के बाद आज भी अधूरा है। इन मंडियों से आलू, अनाज और लहसुन की पैदावार कर रहे किसानों को बड़ा लाभ मिलता लेकिन मौजूदा सरकार के किसान विरोधी निर्णय से मंडियों का संचालन नहीं हो सका। मैनपुरी की सांसद श्रीमती डिंपल यादव ने सितम्बर 2025 में मैनपुरी के जिलाधिकारी को हवेलिया मंडी के निर्माण के संदर्भ में एक पत्र भी लिखा लेकिन उस दिशा मे कोई प्रयास नहीं किया गया।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे के 22 महीने के निर्माण काल में भूमि अधिग्रहण किसानों की सहमति से हुआ जिसमें किसानों को श्री अखिलेश यादव के मुख्यमंत्रित्व काल में सरकार द्वारा सर्किल रेट से 4 से 6 गुना ज्यादा मुआवजा दिया गया था।

बीते वर्षों में किसान आंदोलन के दौरान जब किसान और सरकार एक दूसरे के सामने आ गए थे, उस समय किसानों के एक समूह और जमीन मालिकों ने भूमि अधिग्रहण में उचित मुआवजा के लिए सुप्रीम कोर्ट में अपील की जिसके जवाब में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस महामहिम श्री बी आर गवई की अगुवाई वाली बेंच ने कई याचिकाओं पर सुनवाई के बाद नवम्बर 2024 को 49 पेजों का फैसला सुनाते हुए यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र के कृषकों की मांगों के परीक्षण एवं उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु गठित कमेटी की संस्तुतियों के उपरांत निर्गत 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा को स्वीकार करते हुए उसकी सराहना किया और इसे किसानों के हित में बताया।



# अखिलेश ने 2027 के लिए संगठन को कसा

बुलेटिन ब्यूरो

उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने पूरी ताकत झोंक दी है। कार्यकर्ताओं के फीडबैक को तवज्जो देते हुए संगठन को मजबूत करने में जुटे श्री अखिलेश यादव ने 2 अप्रैल को प्रदेश के समाजवादी पार्टी के सभी जिलाध्यक्षों, महानगर अध्यक्षों व विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्षों के साथ मैराथन बैठक कर चुनाव की रणनीति पर चर्चा की।

उन्होंने संगठन की समीक्षा की और संवाद किया। चुनावी तैयारियों की बाबत फीडबैक लिया और जरूरी टिप्स दिए। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों से साफतौर पर कहा कि 2027 में जनता समाजवादी सरकार बनाने को पूरी तरह तैयार है इसलिए पूरी तन्मयता से जुट जाना है। भाजपा की साजिशों से सावधान रहना होगा।

पदाधिकारियों से संगठन की बाबत तमाम बिंदुओं पर चर्चा करने के बाद श्री अखिलेश यादव ने संगठन की मजबूती के लिए कई तरह के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि 2027 में विधानसभा चुनाव जीतकर सरकार बनानी है। पूरी तैयारी के साथ काम करना है। बूथ स्तर पर जीतना होगा। भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को बर्बाद कर दिया है। भ्रष्टाचार और लूट के सारे रिकॉर्ड टूट गए हैं। शिक्षा-स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट हो गई है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। प्रदेश की जनता और राज्य के विकास के लिए भाजपा को सत्ता से बाहर करना जरूरी हो गया है।

उन्होंने संगठन एवं 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की और भाजपा द्वारा किए जा रहे सत्ता के दुरुपयोग और भावी चुनौतियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के सत्ता में रहते दस वर्ष होने वाले हैं।

इन वर्षों में सत्ता का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग हुआ है। भाजपा संविधान नहीं मानती है। संविधान का मुद्दा महत्वपूर्ण है। समाजवादी पार्टी के लिए संविधान सब कुछ है। 2024 में भाजपा की बेईमानी के बाद भी

समाजवादी पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर आई। समाजवादी पार्टी नंबर एक पर रही। विधानसभा चुनाव में किसी तरह का भ्रम नहीं रखना है। इस बार कोई चूक न हो। 2027 करो या मरो का लक्ष्य है। यूपी को खोना नहीं है अन्यथा लोकतंत्र पर खतरा गहरा हो जाएगा। समाजवादी पार्टी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं कर सकती है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय के राज की स्थापना के लिए भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाना ही होगा। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करें। आपस में किसी की बुराई नहीं करनी है। एक दूसरे का सम्मान करना है। शिक्षक-स्नातक एमएलसी चुनाव में सबको पार्टी प्रत्याशियों की मदद करनी है।

बैठक में पदाधिकारियों ने 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने और श्री अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। पदाधिकारियों ने कहा कि इसके लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। बैठक को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव श्री शिवपाल सिंह यादव, पूर्व सांसद श्री उदय प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, श्री संजय लाठर, प्रो सुधीर पंवार, श्री जावेद आब्दी, श्री उदयवीर सिंह, श्री सुनील सिंह साजन आदि प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि श्री अखिलेश यादव कार्यकर्ताओं से लगातार सीधा संवाद कर उन्हें बता रहे हैं कि जनता के हितों के लिए किस तरह भाजपा को सत्ता से बेदखल करना है। कार्यकर्ताओं से बूथवार संगठन की स्थिति जानने और उन्हें भाजपा की साजिशों का मुकाबला करने के लिए वैचारिक रूप से तैयार करने में जुटे हैं। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सपा मुखिया कार्यकर्ताओं के बीच लगातार बैठकें कर उन्हें भाजपा से मुकाबला करने की रणनीति समझाने में जुटे हैं।

## श्री अखिलेश यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय के राज की स्थापना के लिए भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाना ही होगा। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करें। आपस में किसी की बुराई नहीं करनी है। एक दूसरे का सम्मान करना है

19 मार्च को राज्य मुख्यालय पर यूपी के विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं-वरिष्ठ नेताओं से मुखातिब होते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। नौजवानों के लिए नौकरी- रोजगार नहीं है। सरकार के अंतिम साल में स्वास्थ्य मंत्री लाइन में लगकर छापा डालने का दिखावा कर रहे हैं। गरीबों को दवा-इलाज नहीं मिल रहा है। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं चौपट हैं।

20 मार्च को राज्य मुख्यालय पर कई जिलों के कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकर भूमाफिया की भूमिका में है। जमीनों पर बड़े पैमाने पर अवैध कब्जें हो रहे हैं। इस सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। हर स्तर पर बेईमानी और लूट चरम पर है। हर विभाग में भारी भ्रष्टाचार हैं। कानून व्यवस्था जर्जर हो चुकी है। अपराधी खुलेआम हत्याएं कर रहे हैं। इस सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं है।

30 मार्च को उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों से आए कार्यकर्ताओं से संवाद करते श्री अखिलेश यादव ने समझाया कि 2027 का विधानसभा चुनाव देश को बचाने का चुनाव है। यह लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण हैं। समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं की बड़ी जिम्मेदारी है। विधानसभा चुनाव को 2024 के लोकसभा चुनाव से भी बड़े अंतर से जीतना है। जीत का लक्ष्य बनाकर 2027 का लक्ष्य प्राप्ति के लिए बूथ स्तर पर पूरी ताकत से काम करना है।

श्री अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं और नेताओं को भाजपा से सावधान करते हुए कहा कि भाजपा चुनाव में भ्रष्ट तरीकों से लोकतंत्र की पवित्रता नष्ट करने की साजिश करती है। सत्ता का दुरूपयोग करती है। समाजवादी पार्टी को बदनाम करना भाजपा का एजेंडा है। अब इनकी चार सौ बीसी नहीं चलने वाली है। जनता चुनाव का इंतजार कर रही है, वह भाजपा की नफरत की राजनीति का खात्मा करने को तैयार है।



# हर बूथ पर डटेंगे समाजवादी यूथ

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने पार्टी के युवा संगठनों के साथ बैठक कर 2027 विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति पर चर्चा की। युवा संगठनों के पदाधिकारियों से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के टिप्स दिए। जीत के लिए बूथों पर यूथ को मुस्तैद रहने की ताकीद की और बताया कि भाजपा की साजिशों का किस तरह डटकर मुकाबला करना है। युवाओं ने बैठक में 2027 का चुनाव जीतने के लिए बूथ स्तर पर डटने का संकल्प लिया।

3 अप्रैल को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी के युवा संगठनों छात्रसभा, युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, श्री मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड आदि अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारियों नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए श्री अखिलेश यादव ने ये बातें कहीं।

सपा मुखिया ने युवा पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं को समझाया कि जन विरोधी भाजपा सरकार को हटाने के लिए छात्र-नौजवान, सभी एकजुट होकर अपनी भाषा, व्यवहार और शिष्ट आचरण का परिचय दें। हमारी भाषा एक दूसरे के प्रति सम्मानजनक होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने संवैधानिक संस्थाओं को बर्बाद कर दिया है। भाजपा राज में भ्रष्टाचार और लूट का साम्राज्य कायम है। बड़ी जिम्मेदारी है कि 2027 में बहुमत की सरकार बनाने के लिए युवा पूरी मुस्तैदी से बूथ स्तर तक जुटें। युवा शक्ति पर समाजवादी पार्टी का पूरा भरोसा है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा पीडीए से घबरा गई है। भाजपा षडयंत्रकारी पार्टी है। उसकी चालों से हम समाजवादियों को सावधान रहना है। सतर्क एवं सजग रहकर भाजपा के षड्यंत्र को विफल करना है। भाजपा भेदभाव करती है। समाज में नफरत फैलाती है। सामाजिक अन्याय

करती है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार बनने पर सामाजिक न्याय के राज की स्थापना होगी। समाजवादी पार्टी की सरकार में सभी को हक और सम्मान मिलेगा।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि 10 वर्ष पहले की समाजवादी सरकार के विजन के परिणाम सामने हैं। समाजवादी सरकार में 108 और 102 एम्बुलेंस सेवा, डायल 100 क्विक रिस्पांस सिस्टम जिसे भाजपा सरकार ने 112 बना दिया है। जनता को तत्काल सुविधा के लिए इंटरनेशनल स्तर की पुलिस सेवा के लिए पुलिस मुख्यालय सिग्नेचर बिल्डिंग बनाई गई। शानदार गोमती रिवर फ्रंट और मेट्रो रेल सेवा समाजवादी सरकार में बनी।

भाजपा सरकार ने इन सभी को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया इसलिए जरूरी है कि 2027 में समाजवादी सरकार बने ताकि सभी काम फिर से पटरी पर आ सकें और यूपी को एक बार फिर खुशहाली की ओर ले जाया सके।

बैठक में नेता विरोधी दल श्री माता प्रसाद पाण्डेय, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, पूर्व एमएलसी सुनील सिंह साजन तथा जावेद आब्दी सहित सर्वश्री मुफहद राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा, अभिषेक यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी लोहिया वाहिनी, सिद्धार्थ सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड, डॉ. इमरान राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी छात्र सभा, अरविन्द गिरि प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा, रामकरन निर्मल प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी लोहिया वाहिनी, अनीस राजा प्रदेश अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड, विनीत कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी छात्र सभा की उपस्थिति विशेष कर उल्लेखनीय रही।



युवा संगठनों की बैठक के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सौदागर की तरह काम करती है। सब कुछ बेच दे रही है। भाजपा का लक्ष्य केवल मुनाफा कमाना है।

उन्होंने कहा कि पढ़े-लिखे नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा है। बड़े पैमाने पर बेरोजगारी है। भाजपा सरकार निवेश के बड़े-बड़े सपने दिखा रही थी, निवेश नहीं आया। भाजपा संविधान से नहीं मनविधान से चलती है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि हम समाजवादी लोग बाबा साहब के दिए संविधान, डॉ. लोहिया के बताए रास्ते और नेता जी के दिए हुए समाजवादी विचारधारा पर चलते हुए समाज को नई दिशा देना चाहते हैं। समाजवादी पार्टी लोकतंत्र को मानती है। भाजपा एकतंत्र से चलती है। संविधान हमारे अधिकारों का रक्षक है। हम सब पीडीए के लोग एक होकर पीड़ित, दुःखी, अपमानित लोगों को साथ लेकर 2024 के लोकसभा चुनाव की तरह 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराकर प्रदेश में पुनः समाजवादी सरकार बनाएंगे। विकास को गति देकर एक बार फिर यूपी को विकास के रास्ते पर लाएंगे।

श्री यादव ने समाजवादी पार्टी के युवा नेताओं, कार्यकर्ताओं से कहा कि समाजवादी विचारधारा को मजबूत करते हुए भाजपा का मुकाबला करें। भाजपा लोगों की आवाज दबा रही है, जो सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ बोलता है उसके साथ अन्याय किया जा रहा है। हर सीमा लांघ कर अत्याचार हो रहे हैं। डायल 100 की बेटियों ने जब अपना वेतन बढ़ाने के लिए आंदोलन किया तो कोई सुनवाई नहीं हुई। भाजपा सरकार बेटियों की आवाज फिर दबा रही है। महिलाओं को अपमानित कर रही है। आधी आबादी एकजुट होकर भाजपा सरकार को हटाने जा रही है ताकि उन्हें न्याय मिल सके, उनकी सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम हो सके।



# पीडीए परिवार की ताकत और बढ़ी

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व पर पीडीए का भरोसा और बढ़ा है। यही वजह है कि पीडीए समाज तेजी के साथ समाजवादी पार्टी से जुड़ रहा है।

सभी का एक ही लक्ष्य है 2027 में उत्तर प्रदेश में श्री अखिलेश यादव की सरकार बनाना। राजनैतिक दलों के अलावा सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी भी समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। पीडीए परिवार में शामिल होने वालों का समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव तहे दिल से स्वागत कर रहे हैं।

19 मार्च को श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व एवं समाजवादी पार्टी की नीतियों में आस्था जताते हुए भारतीय जागृति मिशन तथा चौहान एकता महासभा के तमाम पदाधिकारियों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सांसद राम शिरोमणि वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल व पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी उपस्थित थे।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में भारतीय जागृति मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम साहू, राष्ट्रीय सचिव के टी तिवारी, शशिकांत गांधी, पुल्ली गुप्ता, संस्थापक सुरेश गुप्ता दिल्ली, राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुनील गुप्ता, जिलाध्यक्ष अमेठी सज्जन कुमार पाठक, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डा चिन्ताराम साहू सहित चौहान एकता महासभा के संयोजक राजकुमार चौहान, उपाध्यक्ष दिनेश चौहान, अरुण कुमार वर्मा एडवोकेट तथा अमरजीत आदि प्रमुख रहे। समाजवादी पार्टी में शामिल होने के बाद सभी ने समाजवादी पार्टी को मजबूती देने और 2027 के चुनाव में श्री अखिलेश यादव के मुख्यमंत्रित्व में समाजवादी सरकार बनाने का संकल्प







लिया।

इससे पहले 23 फरवरी को समाजवादी पार्टी की नीतियों और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व के प्रति आस्था जताते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के समक्ष श्रावस्ती जनपद के विधानसभा 289 भिनगा से बसपा छोड़कर बड़ी संख्या में लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी ने 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को जीत दिलाने और श्री अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर श्रीमती इन्द्राणी वर्मा विधायक और जिलाध्यक्ष श्री सर्वजीत यादव मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने सभी नए साथियों का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि उनके आने से समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी। जनता को भाजपा राज से मुक्ति मिलेगी।

बसपा छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता लेने वालों में सर्वश्री एजाज आलम सभासद, महेश यादव सभासद, फिद्दन मियां, रेहान सिद्दीकी, अब्दुल शकूर खान, शेरा भाई, भगवती प्रसाद, सौरभ यादव, मोहन यादव, जुनेर खान, रफी सिद्दीकी, अनिल यादव, मेराज सिद्दीकी, इम्तियाज सिद्दीकी, इफ्तिखार अहमद, नान बाबू, नूर आलम, रफी अहमद, जिलेदार, फैयाज अहमद आदि प्रमुख हैं।

# सपा सरकार में स्थापित होगी
# सम्राट अशोक मौर्य की प्रतिमा



बुलेटिन ब्यूरो

चक्रवर्ती सम्राट राजा अशोक सम्राट मौर्य की जयंती 26 मार्च को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में मनाई गई।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने सम्राट अशोक मौर्य की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करने के बाद ऐलान किया कि 2027 में समाजवादी सरकार बनने पर लखनऊ के गोमती रिवरफ्रंट पर सम्राट अशोक मौर्य की सबसे अच्छी प्रतिमा स्थापित कराकर उन्हें सोने के सिंहासन पर बैठाकर सम्मानित करेंगे।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि सम्राट अशोक मौर्य महान और चक्रवर्ती राजा थे। उन्होंने बौद्ध धर्म को भारत से बाहर फैलाने का काम किया। पूरी दुनिया में शांति, सौहार्द और सद्भाव का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक द्वारा








बनवाया गया अशोक स्तम्भ और शिलालेख आज इतिहास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हम सब लोग सम्राट अशोक मौर्य के बताए रास्ते पर चलकर देश और समाज को नई दिशा देने का संकल्प लेते हैं।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, पूर्व विधान परिषद सदस्य श्री आर एस कुशवाहा, फर्रूखाबाद लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी श्री नवल किशोर शाक्य, समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर विधायक स्वामी ओमवेश, विधायक आशू मलिक, पूर्व मंत्री शादाब फातिमा, श्री कुणाल मौर्य, श्रीमती प्रियंका शाक्य, उदयवीर शाक्य, नरेन्द्र शाक्य, टिंकू शाक्य, डॉ. पंकज कुशवाहा, आकाश शाक्य, के पी शाक्य, संगम लाल मौर्य, संदीप विश्वकर्मा, अनिल मौर्य, अभिषेक कुशवाहा, दीपकेश कुशवाहा, संचिन मौर्य, वैभव सैनी, राकेश कुशवाहा, राम प्रकाश मौर्य, योगेन्द्र योगी, रीता मौर्य, रामानन्द कुशवाहा, सुधीर मौर्य, प्रदीप कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, माधव कुशवाहा समेत बहुत बड़ी संख्या में मौजूद मौर्य, कुशवाहा, शाक्य समाज के लोगों और समाजवादी पार्टी समर्थकों ने सम्राट अशोक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।



# अखिलेश ने बड़ों को दिया लैपटॉप
# नन्हीं मरियम को दुलार

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने 23 मार्च को चौधरी शिवचरण सिंह इंटर कॉलेज, मुरादाबाद के छात्र-छात्राओं को लैपटॉप देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

श्री अखिलेश यादव ने चौधरी शिवचरण सिंह इंटर कॉलेज, मुरादाबाद के जिन छात्र-छात्राओं को लैपटॉप दिया उनमें सर्वश्री बीरू, रानी, रूबी, मो गुफरान, मशी, सदफ, रेणुका, राधिका, तुलसी, प्रीती, रहनुमा, भावना, अरीबा खान, दीक्षा, राम सिंह आदि शामिल हैं।

उधर श्री अखिलेश यादव से मुलाकात करने की ख्वाहिशमंद 5 साल की नन्हीं मरियम हाशमी का वीडियो वायरल होने पर सपा मुखिया ने उसे राज्य मुख्यालय पर



आमंत्रित किया और मुलाकात की। मरियम श्री यादव की बड़ी फैन है और उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में देखने की लगातार दुआ कर रही है।

बीते दिनों कैरियर कान्वेन्ट कॉलेज, विकास नगर लखनऊ की 5 वर्षीया मरियम हाशमी का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें वह श्री अखिलेश यादव से मुलाकात की इच्छा जता रही थी। उसने वीडियो संदेश में कहा कि वह रक्षाबंधन व ईद पर श्री यादव से मुलाकात करने गई थी मगर मिल नहीं सकी।

जैसे ही यह वीडियो श्री अखिलेश यादव तक पहुंचा, उन्होंने सम्मान सहित मरियम के परिवार तक संदेश भेजकर 26 मार्च को समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर आमंत्रित किया।

नन्हीं मरियम, दादा-हाजी अब्दुल्लाह, नानी रूकैया बानो, मां तरन्नुम हाशमी तथा पिता मोहम्मद अशफाक के साथ समाजवादी पार्टी कार्यालय पहुंची। श्री अखिलेश यादव ने मरियम से मुलाकात की, उसे दुलार-प्यार किया। उपहार में खिलौने भेंट किए। श्री अखिलेश यादव ने नर्सरी की छात्रा मरियम के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुलाकात के दौरान मरियम ने अल्लाह से दुआ की कि श्री अखिलेश यादव 2027 में पुनः मुख्यमंत्री बनें। मरियम का कहना है श्री अखिलेश यादव उससे मिलें या न मिलें लेकिन उनकी सरकार जरूर बने। मरियम ने अखिलेश जी की शान में यह शेर भी पढ़ा- "मैं नहीं जानती कि बादशाह कैसा होता है। बादशाह भैया जैसा होता है"।

# सिख समाज का प्रतिनिधिमंडल अखिलेश से मिला



बुलेटिन ब्यूरो

सिख समाज के प्रतिनिधिमंडल ने 30 मार्च को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव से मुलाकात कर भाजपा राज में हो रहे उनके उत्पीड़न की पीड़ा बयान की। समाज ने भाजपा राज में हो रहे उत्पीड़न के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुए मदद करने की मांग की।

प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व राष्ट्रीय सचिव एवं पंजाब प्रभारी श्री कुलदीप सिंह भुल्लर ने किया। सिख प्रतिनिधिमण्डल ने बताया कि हरिद्वार स्थित ऐतिहासिक श्री ज्ञान गोदड़ी गुरुद्वारा को वर्ष 1984 में हटा दिया गया था। उसे अभी तक बनाने की अनुमति तथा जगह नहीं दी गई है। इससे सिख भावनाएं बुरी तरह आहत हैं। यह गुरुद्वारा उत्तर प्रदेश की कैनाल की जमीन पर बना था।

सिख प्रतिनिधि मण्डल ने बताया कि शाहजहांपुर-पीलीभीत में जिस जमीन पर 70 सालों से किसान कब्जेदार हैं, उन्हें अब विस्थापित करने की साजिशें हो रही हैं।

सिख प्रतिनिधियों ने यह भी शिकायत की है कि सिख समाज के बच्चों को सरकारी नौकरियां नहीं मिल रही हैं।

सिख प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि समाजवादी पार्टी की पिछली सरकार में श्री अखिलेश यादव के मंत्रिमंडल में एक सिख को कैबिनेट मंत्री बनाया गया था। सिखों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास किए गए थे।

सिख प्रतिनिधिमंडल में सर्वश्री बाबा जसवीर सिंह, बाबा काला सिंह, कश्मीर सिंह, निर्मलजीत सिंह, जसप्रीत सिंह, नरेन्द्र सिंह, सनदीप सिंह, गुरदेव सिंह, शेर सिंह, सुक्खा सिंह, आकाश सिंह, गुरविन्दर सिंह, गुरजोत सिंह, मनजीत सिंह, जगतार सिंह, विक्रम सिंह, जितेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।




# होली-ईद मिलन समारोह

# पीडीए परिवार ने खुशियां बांटीं

बुलेटिन ब्यूरो

सामाजिक सद्भाव, सौहार्द, एकता के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव हमेशा ही अग्रणी भूमिका निभाते हैं। होली में रंग खेलना हो या रमजान में इफ्तार पार्टी में शिरकत करना हो, श्री यादव हमेशा ही आगे रहते हैं।

उसी कड़ी में 31 मार्च को उन्होंने पीडीए परिवार के साथ होली-ईद मिलन समारोह आयोजित कर एक दूसरे को बधाइयां दीं। इस समारोह की खास बात यह रही है कि इसमें संविधान निर्माता बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर के प्रपौत्र डा राजरतन अंबेडकर भी शामिल हुए और उन्होंने पीडीए परिवार को मजबूत करने के श्री अखिलेश यादव के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रयास में अगर वह हिस्सेदार बन सके और कोई योगदान कर पाते हैं तो उन्हें गर्व होगा।

समाजवादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में आयोजित होली-ईद मिलन सौहार्द समारोह में गीत-संगीत की बहार रही। कव्वाली से भी खूब समां बंधा। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर के प्रपौत्र व बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के नेशनल प्रेसीडेंट डॉ. राजरतन अंबेडकर ने श्री अखिलेश यादव को संविधान की प्रति भेंट की।

बाबा साहब के प्रपौत्र डॉ. राजरतन अंबेडकर ने इस अवसर पर कहा कि यह देश की खूबसूरती है कि सौ किलोमीटर में लोगों की भाषा, खान-पान, रंग-ढंग बदल जाता है लेकिन 140 करोड़ देशवासियों को इकट्ठा रखने का काम देश के संविधान ने किया। यह इस देश के संविधान की खूबसूरती है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब को संविधान सभा में जाने में रोकने की कोशिश हुई। वर्णवादी व्यवस्था बाबा साहब को संविधान सभा में नहीं जाने देना चाहती थी। बाबा

साहब ने संविधान में पिछड़े वर्गों को आगे बढ़ाने के लिए हर तरह के प्राविधान किए।

डॉ. अंबेडकर ने कहा कि श्री अखिलेश यादव जी पीडीए के तहत सबको एकजुट कर रहे हैं। अगर मैं अपने जीवन में इसमें छोटा सा भी हिस्सेदार बन सकूं तो मुझे गर्व होगा कि संविधान बचाने की लड़ाई में साथ था।

उन्होंने गुझिया-सेवई समारोह के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस तरह का प्रयोग पूरे देश में होना चाहिए जो विभाजनकारी ताकतों को बता दें कि हम भारत के लोग एक हैं।

कश्मीर के बालीवुड सिंगर शोएब पन्नू तथा शहजाद अली का भी शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर शेरो-शायरी का भी दौर चला। मशहूर कमेडियन श्री राजीव निगम ने खूब हंसाया।

बॉलीवुड के मशहूर कलाकार श्री शहजाद अली डागर तथा शोएब पन्नू की प्रस्तुतियों ने अलग समां बांध दिया।

विधायक आशु मलिक की ओर से होली-ईद पर गुझिया-सेवइयां मिलन समारोह में तमाम लोगों ने गुझिया-सेंवई, छोला-भटूरा और बाटी-चोखा का आनन्द लिया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री उदय प्रताप सिंह के अलावा सांसद हरेन्द्र मलिक, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पालआदि मौजूद रहे।



# अखिलेश ने दी ईद की मुबारकबाद

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव 21 मार्च को लखनऊ के ऐशबाग ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम भाइयों के विशाल जनसमूह को ईद की मुबारकबाद दी। श्री अखिलेश यादव को अपने बीच पाकर सबकी ईद की खुशियों में चार चांद लग गए। सबने देर तक अखिलेश के सम्मान में नारे बुलंद किए। श्री अखिलेश यादव ने सभी से मुलाकात करते हुए कहा कि ईद का त्योहार खुशियां लेकर आता है। यह खुशियों का त्योहार है। सेंवई खाओ, गले मिलो, आपस में प्रेम से रहो ताकि दूरियां कम हों।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि हमारी यही हिन्दुस्तानियत है। जहां अलग-अलग धर्म-जाति के लोग मिलकर एक साथ त्योहार मनाते है। यही हमारी हिन्दुस्तानियत समाज को मजबूत बनाती है। देश को तरक्की, खुशहाली के रास्ते पर ले जाती है।

फिरंगी महली साहब ने ईदगाह में अखिलेश जी का इस्तकबाल किया। श्री अखिलेश यादव ने भी बड़ा दिल दिखाते हुए सुरक्षा की परवाह किए बिना सभी से मुलाकात की।

ईदगाह के बाद श्री अखिलेश यादव पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री राजेन्द्र चौधरी के साथ यूथ ब्रिगेड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद एबाद, प्रवक्ता फखरूल हसन चांद, महमूदाबाद एस्टेट के प्रो. अली, नगर निगम पार्षद दल के नेता कामरान बेग समेत बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के आवास पर जाकर ईद की मुबारकबाद दी।



# साफ़ और बेबाक X



**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

Socialist Leader of India | President @samajwadiparty | Member of Parliament, Kannauj | Former Chief Minister, Uttar Pradesh

Lucknow, India · samajwadiparty.in · Joined July 2009

---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh
Show translation

हमें 'सामाजिक न्याय का राज' चाहिए!



---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh
Show translation

जनता और कार्यकर्ताओं का ये जोश बता रहा है कि सत्ताइस में कौन आ रहा है।

#कन्नौज



---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh
Show translation

जब-जब युवा ने मुट्ठी तानी है
तब-तब लिखी नई कहानी है

पीडीए का यूथ, जीतेगा हर बूथ!



---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh
Show translation

बात-बात में chronology की बात करनेवाली भाजपा को महिला आरक्षण के लिए भी एक chronological formula CDR अपनाना चाहिए फिर महिला आरक्षण लागू करना चाहिए।

CDR =

Census
Delimitation
Reservation

---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhil... · 4d

जज़्बा हो तो वो पढ़ लेते हैं बैठकर राख में
भले झुलस गईं हों जिनकी किताबें आग में

हम इस बच्ची की पढ़ाई की व्यवस्था करेंगे।

हम तो उस शिक्षा विरोधी भाजपा सरकार से मुआवज़े की कोई माँग भी नहीं करेंगे, जो स्कूल बंद करवाना चाहती थी।

#सीतापुर_अग्निकांड



---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh
Show translation

**सबके द्वार जाएंगे, सबको समझाएंगे**
**छूटों को जोड़ेंगे और रूठों को मनाएंगे**
**'पीडीए' वाले अपनी सरकार बनाएंगे**
**हम 'सामाजिक न्याय का राज' लाएंगे**
**हर असमानता, पीड़ा, भेदभाव मिटाएंगे**
**तरक़्क़ी की राह बना, ख़ुशहाली लाएंगे!**



---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhil... · 6d

सपा के शानदार कामों में से एक लखनऊ मेट्रो की तरह गोमती रिवर फ्रंट के बारे भी भाजपा सरकार अब ये झूठ न फैला दे कि ये भी हमारी ही उपलब्धि है।

भाजपाई जब लखनऊवालों से महाझूठ बोल सकते हैं तो बेचारे विदेशियों से तो न जाने क्या-क्या झूठ बोला होगा।



---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhil... · 4d

गोंडा में आयोजित 'नेताजी स्व. मुलायम सिंह यादव रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट प्रीमियर लीग सीजन 6' का आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा उद्घाटन किया।

टूर्नामेंट के सभी आयोजकों एवं प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएँ!

खेल व्यक्तित्व में टीम भावना का विकास करता है और स्वस्थ
Show more



---

**Akhilesh Yadav** @yadav... · 02 Apr

जिनके बलबूते नारी सुरक्षा का दावा किया जाता है, जिनसे सब शिकायत करते हैं, वो 1090 कर्मी भाजपा सरकार में असुरक्षित और अपमानित हो रहीं हैं। न तो सम्मानजनक वेतन मिल रहा है, न ही मान मिल रहा है। विरोध करने पर बसों में अमानवीय तरीक़े से ठूँसा गया है। सवाल ये है कि वो अपनी शिकायत किससे करें।

भाजपा के एजेंडे में नारी सम्मान है ही नहीं।

पीड़ित लोगों से हमारा आग्रह है, चिंता न करें क्योंकि : बुरे दिन जानेवाले हैं!

'पीड़ा' बढ़ रही है, इसीलिए 'पीडीए' बढ़ रहा है क्योंकि 'जो पीड़ित, वो पीडीए'।

#1090
#PDA
#पीडीए
#बुरे_दिन_जानेवाले_हैं





Following

Akhilesh Yadav
@yadavakhilesh
Show translation

भविष्य से हाथ मिलाते हुए... इनका कल सुनहरा हो... यही है संकल्प हमारा।



Akhilesh Yadav
@yadavakhilesh
Show translation

निस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा में सदैव रत रहनेवाले समस्त सिख समाज को बैसाखी की अनंत बधाई और हार्दिक शुभकामनाएँ!

सबकी ख़ुशहाली के खलिहान भरे रहें!



Akhilesh Yadav
@yadavakhilesh
Show translation

... स्वर स्मृति बन गये...

भावभीनी श्रद्धांजलि।



Akhilesh Yadav
@yadavakhilesh

जहाँ गौ वहाँ गोपाल
गौसेवा महा सौभाग्य



Akhilesh Yadav @yadavakhil... · 3d

जनता 14 दिन में छुट्टा पशुओं की समस्या से छुटकारा दिलानेवाली जुमलाई बात पर भाजपाइयों से पूछ रही है : क्या हुआ तेरा वादा?




Akhilesh Yadav
@yadavakhilesh
Show translation

भाजपा हटाओ, गौमाता बचाओ!




Akhilesh Yadav
@yadavakhilesh




Akhilesh Yadav
@yadavakhilesh
Show translation

ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, जामिया गुलज़ारे हुसैनिया अजराडा मेरठ के मोहतमिम हज़रत मौलाना अब्दुल्लाह मुग़ेसी साहब का इंतक़ाल, अत्यंत दुखद!

शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं।

भावभीनी श्रद्धांजलि!



पंजीकृत डाक पंजीकरण संख्या GPO/LW/NP-300/2024-2026 कुल पृष्ठ : 48 डिस्पैच तिथि : 15, 16, 17

# तय करो किस ओर हो तुम



तय करो किस ओर हो तुम तय करो किस ओर हो ।
आदमी के पक्ष में हो या कि आदमखोर हो ॥

ख़ुद को पसीने में भिगोना ही नहीं है ज़िन्दगी,
रेंग कर मर-मर कर जीना ही नहीं है ज़िन्दगी,

कुछ करो कि ज़िन्दगी की डोर न कमज़ोर हो ।
तय करो किस ओर हो तुम तय करो किस ओर हो ॥

खोलो आँखें फँस न जाना तुम सुनहरे जाल में,
भेड़िए भी घूमते हैं आदमी की खाल में,

ज़िन्दगी का गीत हो या मौत का कोई शोर हो ।
तय करो किस ओर हो तुम तय करो किस ओर हो ॥

सूट और लंगोटियों के बीच युद्ध होगा ज़रूर,
झोपड़ों और कोठियों के बीच युद्ध होगा ज़रूर,

इससे पहले युद्ध शुरू हो, तय करो किस ओर हो ।
तय करो किस ओर हो तुम तय करो किस ओर हो ॥

तय करो किस ओर हो तुम तय करो किस ओर हो ।

आदमी के पक्ष में हो या कि आदमखोर हो ॥

- बल्ली सिंह चीमा

साभार: (कविता कोश)

समाजवादी पार्टी
/samajwadiparty
www.samajwadiparty.in
QR कोड स्कैन करें और वाट्स-एप चैनल से जुड़ें
/Akhilesh Yadav
/Samajwadi Party